# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 10 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 306 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


खजुराहो में मोहन कैबिनेट ने लिए दमदार फैसले

# सागर से दमोह तक फोरलेन, नौरादेही होगा चीतों का नया घर

● दमोह-टीकमगढ़, पन्ना-कटनी को मिलेंगे मेडिकल कॉलेज ● दमोह सिंचाई परियोजना मंजूर, सागर में इंडस्ट्रियल पार्क बनेगा

**भोपाल/खजुराहो (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभ्यारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। बैठक में छतरपुर और दमोह के मेडिकल कालेजों में पदों की स्वीकृति सहित शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन और नवीन पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई।



मंत्रि-परिषद ने बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सागर के औद्योगिक क्षेत्र 'मसवासी ग्रंट' के लिए एक विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज की मदद से एक निवेशक- हितैषी वातावरण तैयार होगा, जिससे यहां 24 हजार 240 करोड़ रूपये के निवेश के रास्ते खुलेंगे। यह प्रयास सीधे तौर पर 29 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर आर्थिक उन्नयन का नया मार्ग खोलेगा। स्वीकृति अनुसार भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की है। इसके अतिरिक्त, विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किश्तों की सुविधा दी गई है और संधारण शुल्क 8 रुपये प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है।



### मुख्यमंत्री ने महाराजा छत्रसाल और सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को खजुराहो कन्वेंशन सेंटर के पास स्थित बुदेलखण्ड केसरी महाराजा छत्रसाल बुंदेला और भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर केबिनेट के सभी मंत्रीगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बुंदेलखंड धरा है हीरों और महावीरों की : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए अंतरित ● बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर कर रही है विकास कार्य



**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है। यह मंदिरों की नगरी है। उन्होंने कहा कि महाराज छत्रसाल के कार्य काल में बुंदेलखंड की महाविजय होती थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का खजुराहो में अनावरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छतरपुर के राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## नियम-कानून परेशानी के लिए नहीं, जिंदगी आसान बनाने के लिए हो : पीएम मोदी

● फालतू पेपरवर्क खत्म हो, बार-बार डेटा जमा करना बंद करना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद की लाइब्रेरी बिल्डिंग में मंगलवार को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक हुई। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री का माला पहनाकर सम्मान किया गया।

पीएम ने बैठक में कहा, मैं फालतू पेपरवर्क और 30-40 पेज के फॉर्म का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। हमें नागरिकों के दरवाजे पर सर्विस देनी होगी, बार-बार डेटा जमा करने की जरूरत को खत्म करना होगा।

पीएम ने इंडिगो संकट पर कहा- लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए। नियम और कानून अच्छे हैं, लेकिन सिस्टम को ठीक करने के लिए लोगों को परेशान करना सही नहीं है।

बैठक में पीएम ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार जीत के शिल्पकार हैं। बैठक में रक्षा राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव समेत अन्य नेता भी उपस्थित थे।



सरकार ने सेल्फ-सर्टिफिकेशन की इजाजत देकर नागरिकों पर भरोसा किया। इस बात पर जोर दिया कि यह भरोसा बिना किसी गलत इस्तेमाल के 10 साल से कामयाबी से काम कर रहा है। ईज ऑफ लाइफ और ईफ ऑफ डूइंग बिजनेस दोनों ही मोदी सरकार की प्राथमिकता है। देश अब पूरी तरह से 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' फेझ में है, जहां सुधार तेजी से और साफ इरादे से हो रहे हैं।सरकार के सुधार पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं, न कि सिर्फ आर्थिक या रेवेन्यू-केंद्रित। इसका लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें।

● लोकसभा में राहुल गांधी ने आरएसएस पर साधा निशाना, कहा-

## देश की सभी संस्थाओं पर कब्जा चाहता है

● चुनाव आयोग पर कब्जा किया जा रहा, चुनाव में भाजपा इसका इस्तेमाल कर रही है, हुआ जमकर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शीतकालीन सत्र के 7वें दिन मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर चर्चा चल रही है। राहुल गांधी ने कहा, आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है। चुनाव आयोग कब्जा किया जा रहा, चुनाव में भाजपा इसका इस्तेमाल कर रही है।

राहुल ने कहा, ईडी, सीबीआई, आईबी, इंकम टैक्स डिपार्टमेंट पर कब्जा किया जा रहा है और ये सब आरएसएस कर रहा है।



**अगर वोट नहीं बचेगा तो लोकसभा, राज्यसभा और राज्य की विधानसभाएं भी नहीं बचेंगी** - राहुल गांधी ने कहा कि वे बराबरी में विश्वास नहीं करते, वे हायरार्की में विश्वास करते हैं और मानते हैं कि उन्हें सबसे ऊपर होना चाहिए। लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के भाषण के दौरान हंगामा शुरू हो गया है।

● लोकसभा में अखिलेश बोले

## एसआईआर के बहाने एनआरसी किया जा रहा

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के 7वें दिन मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर चर्चा चल रही है। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के बहाने अंदर ही अंदर एनआरसी वाला काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यूपी के सीएम कह रहे हैं कि हम डिटेंशन सेंटर बना रहे हैं। जो ये खुलकर नहीं कर सकते हैं वो एसआईआर के बहाने कर रहे हैं।



टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि एसआईआर वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है।

## सोनिया गांधी को दिल्ली कोर्ट का नोटिस

### 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से नाम जुड़वाने का आरोप, 6 जनवरी तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस दिया है। यह नोटिस उस याचिका पर आया है, जिसमें दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से जोड़ा गया था।



इसके अलावा याचिका में मजिस्ट्रेट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया है और पूरे केस का रिकॉर्ड (टीसीआर) मंगाया है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। इस दौरान सोनिया और राज्य सरकार को नोटिस का जवाब देना होगा। यह याचिका विकास त्रिपाठी ने दायर की है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने की।

# महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पखवाड़े का भव्य समापन समारोह संपन्न

### जिले में फिफ्थ डाइमेंशन एकेडमी द्वारा संचालित "सेव टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वुमेन" परियोजना के तहत आयोजन

**महेन्द्र मालवीय/ रणजीत टाईम्स**



बुरहानपुर जिले में संचालित महत्वाकांक्षी परियोजना "सेव टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वुमेन" के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पखवाड़े (25 नवंबर से 10 दिसंबर) का आज भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250-300 पर्यटन सखियाँ एवं विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में एस.आई. श्री सुनील पाटिल, साईबर क्राइम एक्सपर्ट से श्री महेंद्र प्रताप सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव एडवोकेट श्री संतोष देवताले व डी ए.टी. सी.सी बुरहानपुर से श्रीमती राजकुमारी ठाकुर व श्री मोहम्मद नौशाद उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने "महिला हिंसा को रोकें – हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं" विषय पर अपने प्रेरक विचार साझा किए तथा महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर बल दिया।

संस्थापक श्रीमती माधुरी शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना की अब तक की यात्रा, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से जिले को महिलाओं के लिए पूर्णतः सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने का संकल्प लिया गया है तथा इसके लिए पर्यटन सखियों का व्यापक प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता अभियान एवं पुलिस-प्रशासन के साथ सतत समन्वय किया जा रहा है। श्रीमती शर्मा ने कहा, "आज का यह आयोजन केवल समापन नहीं, बल्कि महिला हिंसा के खिलाफ एक नई शुरुआत है। हमारी पर्यटन सखियाँ न केवल पर्यटकों की सहेली हैं, बल्कि समाज में सुरक्षा एवं सम्मान की सशक्त आवाज भी बन रही हैं।" कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिला हिंसा के खिलाफ एकजुटता की शपथ ली तथा आगे भी इस मुहिम को तेज गति से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। द फिफ्थ डाइमेंशन एकेडमी की यह पहल बुरहानपुर को महिलाओं के लिए देश का सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

## उषा ठाकुर जी ने रणजीत टाइम न्यूज़ चैनल को दी बधाइयाँ प्रधान संपादक गोपाल गावंडे जी के कार्यों की सराहना



इंदौर। वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर जी ने रणजीत टाइम न्यूज़ चैनल को उसकी निरंतर प्रगति पर हार्दिक बधाई प्रेषित की।

उन्होंने चैनल के प्रधान संपादक श्री गोपाल गावंडे जी के नेतृत्व, पत्रकारिता के प्रति समर्पण और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावशाली रूप से उठाने के प्रयासों की सराहना की। उषा ठाकुर जी ने कहा कि रणजीत टाइम न्यूज़ ने कम समय में विश्वसनीयता के साथ अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी समय में जहाँ-जहाँ भी उनके कार्यक्रम एवं जनसभाएँ आयोजित होंगी, उन सभी की प्रमुख खबरें और मुख्य बिंदु वे स्वयं चैनल टीम को उपलब्ध करवाएँगी, ताकि जनता तक सही और समय पर जानकारी पहुँच सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि चैनल इसी तरह निष्पक्ष, सशक्त और जनसेवा भाव के साथ अपनी पत्रकारिता जारी रखेगा और समाज के हर वर्ग की आवाज़ को मजबूती देगा।

## राजगढ़ पुलिस का अवैध शराब परिवहन पर कसा शिकंजा, लाखों रुपए की शराब पकड़ी



**दिलीप पाटीदार**

पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी जिला धार, अति. पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार, के मार्गदर्शन में राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में अवैध शराब परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने हेतु करने थाना स्तर पर एक टीम का गठन किया गया।

दिनांक 9/12/25 को गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि इंदौर अहमदाबाद हाईवे पर एक आईसर ट्रक क्रमांक MP09 DP 8603 में अवैध शराब आ रही है, उक्त आयशर ट्रक को इंदौर अहमदाबाद हाईवे पर मोहनखेड़ा ब्रिज के पास रुक्मणी होटल के पास में घेराबंदी कर पकड़ा गया, आयशर ट्रक व ट्रक के चालक बबलू पिता जियालाल वरकडे निवासी जिला मंडला हाल निवास जिला इंदौर व परिचालक दुर्गेश पिता शिव नरेश राजपूत निवासी जिला इंदौर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जप्त आईसर ट्रक में से गोवा कंपनी की अंग्रेजी शराब कि कल 1499 पेटी जप्त की गई जिसकी कुल कीमत 94,43700 रुपए की शराब जप्त की गई एवं आईसर ट्रक की कीमत करीब 30 लाख रुपए को जप्त किया गया। थाना राजगढ़ द्वारा उक्त आयशर ट्रक व शराब जप्त कर गिरफ्तार आरोपी ड्राइवर परिचालक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्त माल 01 गोवा कंपनी की अंग्रेजी शराब की 1499 पेटी कीमती 94 लाख 43हजार 700रुपए। 02 आयशर ट्रक क्रमांक MP 09 DP 8603 जिसकी कीमत करीब 30 लाख रुपए कुल कीमत एक करोड़ 24 लाख 437 00 गिरफ्तार आरोपी - 01बबलू पिता जियालाल वरकडे निवासी जिला मंडला हाल निवास जिला इंदौर व ,02परिचालक दुर्गेश पिता शिव नरेश राजपूत निवासी जिला इंदौर उक्त कार्यवाही में, उनि कीर्तनसिंह नायक, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ठाकुर ,प्रआर विपिन कटारा, आरक्षक आरक्षक दिलीप डुडवे, आरक्षक सुभाष परमार , आरक्षक क्रांत सिंह तोमर की सराहनीय भुमिका रही है।

# प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव, इंदौर में बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव 2025 धूमधाम से आयोजित

खुशबू श्रीवास्तव



इंदौर। बचपन प्ले स्कूल, ट्रेज़र फैंटेसी द्वारा वर्ष 2025 का वार्षिकोत्सव लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, नर्मदा चौराहा में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आकर्षण इस वर्ष की थीम "गोल्डन डेज़ ऑफ़ चाइल्डहुड" रही, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने बचपन के सुनहरे पलों को सजीव किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर श्री 1008 दादू महाराज, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के अनुज श्री भारत पटवारी, श्री भूरे लाल जी चौधरी रिटायर्ड प्रिंसिपल, मध्य प्रदेश कर्मचारी संघ व खाती समाज, राऊ के पूर्व अध्यक्ष, श्री अनिल चौधरी, पार्षद राऊ नगर पंचायत तथा वरिष्ठ समाज सेवी श्री अशोक जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के उत्साह, विद्यालय की कार्यशैली और थीम आधारित आयोजन की सराहना की।

मंच पर प्रस्तुत किए गए नृत्य, नाटक और समूह कार्यक्रमों में बच्चों ने सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदनाएँ, पर्यावरण संरक्षण और बच्चों के अधिकार जैसे विषयों को सरल लेकिन प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया। बच्चों की मासूम ऊर्जा और विद्यालय के स्टाफ की रचनात्मकता ने दर्शकों का मन मोह लिया। कई प्रस्तुतियों ने सभागार में उपस्थित अभिभावकों को भावुक और गर्वित कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति पलक विकास वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों तथा विद्यालय टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बचपन प्ले स्कूल का उद्देश्य बच्चों को ऐसा सुरक्षित और प्रेरणादायी वातावरण देना है जिसमें वे सीखने के साथ-साथ अपनी अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी विकसित कर सकें। वार्षिकोत्सव 2025 ने न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का श्रेष्ठ मंच दिया, बल्कि समाज और शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को भी सफलतापूर्वक पहुँचाया।

## आबकारी इंदौर की कार्यवाही



कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश पर दिनांक-09/12/2025 को वृत्त-मालवा मिल ब में वृत- उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन क्रमांक-MP04QQ4015 को रोककर उसके पिछे रखी एक पेटी को खोलकर उसकी तलाशी लेने पर उसमें एक पेटी में 24 केन विदेशी मदिरा बियर परिवहन कर ले जाई जा रही जप्त कर आरोपी - देवेन्द्रपिता राजेंद्र सिंह मेवाड़ उम्र 20 वर्ष निवासी खण्डवा नाका, इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 75000/- रुपए रही।

# देहबुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित होने की प्रक्रिया है सहजयोग

यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता



'भगवद्गीता'परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहजयोग अपने जीवन को सर्वांगसुंदर बनानेवाला एक अनुभुतिजन्य ध्यानाविष्कार है, जिसे विश्व का कोई भी व्यक्ति, जो अध्यात्मिकता की खोज कर रहा हो, अपने अराध्य को पाने के लिये धर्मग्रंथों का पठन कर रहा हो, मंदिरों में जाकर विविध प्रकार की पूजायें अर्पित कर रहा हो, उसे यह योग प्राप्त होता है । सहज योग एक 'सत्ययोग' है , इसलिये सभी सत्य के साधक जो 'परम' को पाना चाहते हैं, और उस परम को पाने की ललक में तीर्थयात्रायें कर रहे हैं, व्रतवैकल्यों का अनुसरण कर रहे हैं उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना पड़ेगा कि, क्या मुझे अंतरंग परमात्मा के परमानंद की अनुभूति प्राप्त हुई ? अगर आपका उत्तर सकारात्मक है, तो उपरोक्त शूलोक मे वर्णित कूर्म जैसे आप अपने पंच ज्ञानेंद्रीयों को अंतरात्मा में स्थापित कर, बाहर की सभी नकारात्मकता से स्वयं को बचाकर, निरानंद का आनंद उठा पा रहे हैं? यदि नहीं तो सहजयोग आपकी राह देख रहा है । परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं कि, आप आत्मा को पाये बगैर परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते । और अपने हृदयस्थित आत्मा को पाने के लिये आपको हृदय में विनम्रता का भाव धारण कर श्री आदी शक्ति से अपना आत्मसाक्षात्कार माँगना होगा, जब आपका योग घटित होगा तब आपके पिंड में स्थित कुंडलिनी माता उर्ध्वगामी होकर आपके सहस्त्रार का भेदन कर ,आपको शीतल चैतन्य लहरियों का स्नान करा देगी । और इस आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद जिस प्रकार आप आईने में अपने मुखमंडल का अवलोकन करते हैं उसी प्रकार आप अपने आत्मारूपी आईने से अपने अंतरंग को मलीन करने वाले षड् रिपुओं को देख सकेंगे । जब आप आपने अंदर के दोषों को देख सकेंगे तो पूरी इमानदारी से उसे धोने की कोशिश करेंगे और इसके उपरांत आप एक बच्चे जैसे बन जायेंगें, बच्चों में अपने पराए का भाव नहीं होता, वे सभी को अपना समझते हैं, उसी प्रकार की अबोधिता एक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक में होनी चाहिये। श्री माताजी कहते हैं कि, भगवान श्रीकृष्ण हमारे विशुद्धि चक्र पर विराजमान हैं, नियमित ध्यान से जब हमारा विशुद्धि चक्र स्वच्छ होता है, तो वह चक्र हमे वाणी मधुरता, सामुहिकता, साक्षीभाव प्रदान करता है । श्रीकृष्ण हमें अनेक शक्तियों से आशीर्वादित करते हैं। ध्यान करने वाले समूह के सहस्त्रार से उत्सर्जित सामूहिक चैतन्य लहरियों से अपने व्यक्तिगत, सामाजिक ही नहीं वैश्विक प्रश्न् भी हल किये जा सकते हैं । श्रीकृष्ण की इसी शक्ति के कारण हम सभी सत्य के साधकों तक अपनी वाणी, लेखनी और ध्यान के माध्यम से पहुँच सकते हैं और उन्हें उनके जीवन का महानतम उपहार अर्थात आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर सकते हैं। उपरोक्त वर्णित भगवद्गीतासे लिया गया जो शूलोक है उसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार कूर्म ('कासव') जब उसके उपर कोई संकट आता है तो अपने अवयव कवच के अंदर खींच लेता है और अपने आपको बचाता है , उसी प्रकार आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति नकारात्मकता से खुद को बचा सकता है। वह तत्क्षण देह बुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित हो जाता है, भगवान के साम्राज्य में चला जाता है, जहाँ कोई भी विनाशकारी शक्ति उसका बाल भी बांका नहीं कर सकती । यह श्रीकृष्ण की शक्ति का सबसे बड़ा आशीर्वाद है, जिसे प्रत्येक साधक प्राप्त कर सकता है। तो आइये सहजयोग सीखते हैं। सहजयोग की जानकारी टोल फ्री 18002700800 से तथा यूटयूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश पर आबकारी टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन क्रमांक-MP09SL8403 होण्डा एक्टिवा को रोककर उसके आगे के स्पेस में रखे दो पेटियां को खोलकर उसकी तलाशी लेने पर उसमें एक पेटी में 50 पाव देशी मदिरा प्लेन व दूसरी पेटी में 12 बोतल लण्डन प्राईड विदेशी मदिरा अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही जप्त कर आरोपी - विपुल पिता श्री रामलाल तिवारी उम्र- 23 वर्ष निवासी- हा०मु० मच्छी बाजार, इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल =76910कीमत रुपए रही।

# 4 मिनट में अटैक, 10000KM स्पीड... कितना खतरनाक है पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा चुकी 'ब्रह्मोस' का नया वर्जन?




भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल से अटैक करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया था. इस मिसाइल ने दुश्मन देश पाकिस्तान को खून के आंसू रुला दिए थे. इस मिसाइल का काम देखकर सरकार ने इसका नया एडवांस वर्जन ब्रह्मोस-II तैयार करने का फैसला किया है, जिसे 2031 तक इंडियन डिफेंस का हिस्सा बनाने का लक्ष्य है और मिसाइल का पहला टेस्ट साल 2027-28 में करने की योजना है।

## पहली टेस्टिंग में चेक होंगी ये 3 पावर्स

स्क्रैमजेट इंजन और हाई-टेम्परेचर मैटेरियल से बनने वाली यह नेक्स्ट जनरेशन की एडवांस टेक्नोलॉजी वाली मिसाइल चीन के 25 प्रतिशत हिस्से को भी कवर करेगी. मिसाइल को बनाने में रूस का इंजन और भारत का सेंसर सिस्टम इस्तेमाल होगा. इसकी स्पीड साउंड और हवाई जहाज की स्पीड से भी ज्यादा होगी. वहीं मिसाइल के पहले टेस्ट का मकसद मैक-8 स्पीड को फिक्स करना होगा, जिसके लिए स्क्रैमजेट इंजन चाहिए, इसके लिए रूस से डील की जाएगी. दूसरा मकसद हाइपरसोनिक स्पीड से सटीक निशाना साधने की क्षमता देखना होगा, जिसके लिए एडवांस एल्गोरिदम और मॉडर्न नेविगेशन टेक्नोलॉजी चाहिए. वहीं तीसरा मकसद हाई-टेम्परेचर वाले मैटेरियल की टेस्टिंग करना होगा, क्योंकि हाइपरसोनिक स्पीड पर मिसाइल का टेंपरेचर 2000 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होता है, जिसे झेलने के लिए अल्ट्रा-हाई-टेम्परेचर सिरेमिक्स, कॉम्पोजिट स्ट्रक्चर और एडवांस कोटिंग्स चाहिए, जिसके लिए रिसर्च चल रही है.

## भारत-रूस मिलकर बनाएंगे मिसाइल

बता दें कि ब्रह्मोस-II मिसाइल को भारत और रूस मिलकर बनाएंगे, जिसके लिए डील करने की तैयारी चल रही है. यह हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल रूस की 3M22 जिरकॉन मिसाइल की तर्ज बनाई जा रही है. रूस की मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन लगा है और वह मिसाइल न्यूक्लियर बम कैरी करने में भी सक्षम है. यह मिसाइल रूस की नौसेना का हिस्सा बन चुकी है और इसकी क्षमता मैक-9 की स्पीड तक पहुंचने की है. अमेरिका-चीन भी ऐसी मिसाइल बना रहे हैं।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने, नकबजनी की वारदातो का खुलासा करने मे उल्लेखनीय कार्य करने वाले 06 पुलिसकर्मियों सहित 18 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को किया सम्मानित

**आदित्य शर्मा**

पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 18 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर, की उनके कार्यो की सराहना।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान मे रखते हुए, इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन मे साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, जिन्होंने पुलिसिंग के अपने कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 09.12.25 को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 18 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अप./ मुख्या.) श्री आर के सिंह, पुलिस उपायुक्त (जोन-04/ट्रैफिक) श्री आनंद कलादगी सहित उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।



पुरुस्कृत पुलिसकर्मी- • प्रआर 3319 अजय प्रजापति, प्रआर 3301 प्रणीत भदौरिया, प्रआर 1803 रविंद्र सिंह कुशवाह, प्रआर 1532 नीरज रघुवंशी, आर 1574 आनंद जाट, आर 4058 हेमराज सिलोटे थाना लसुडिया - पुलिस थाना लसुडिया क्षेत्रांतर्गत दो नकबजनी के प्रकरणों का खुलासा करने में तथा आईसीआईसीआई बैंक मे चोरी करने के प्रयास का खुलासा कर, उक्त नकबजनी के दोनो प्रकरणों मे लगभग 71 लाख रुपये का मश्रुका जप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर।

कार्य.प्रआर 3346 शशांक दुबे, आर. 639 गौरव गुर्जर, आर 1108 पंकज चौहान, आर 3764 रामवीर गुर्जर थाना राजेंद्र नगर- पुलिस थाना राजेंद्र नगर मे पंजीबध्द चैन स्नेचिंग के प्रकरण मे आरोपियो को गिरफ्तार कर मश्रुका जप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर।

आर 3409 अनिल जायसवाल थाना हीरानगर- अवैध मादक पदार्थ गांजे सहित आरोपियो को गिरफ्तार कर 08 किलो गांजा जप्त करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर।

कार्य.प्रआर 710 ओमप्रकाश जायसवाल थाना बाणगंगा - ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस थाना बाणगंगा के 05 प्रकरणो मे अपहृता को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर। आर 3499 महावीर गुर्जर थाना यातायात- प्रतिबंधित मार्ग पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने के पर। कार्य.सउनि प्रेमसिंह थाना यातायात- गोपुर चौराहा पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने के पर।

प्रआर 2036 महेंद्र राठौर, आर 3612 मलखान सिंह थाना अपराध शाखा - अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर सहित आरोपी को गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर।

प्रआर 727 सर्वेश भदौरिया, आर 2834 राकेश जाट थाना अपराध शाखा- अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर।

लाइव कॉन्सर्ट के दौरान

# स्टेज पर कनिका संग शख्स ने की गंदी हरकत

**मशहूर** सिंगर कनिका कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है. दरअसल, एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान उनके साथ एक शख्स ने बदतमीजी की है. पॉपुलर सिंगर कनिका कपूर ने कई बेहतरीन गाने गाए है और लोगों का मनोरंजन किया है. उनकी प्यारी आवाज फैंस को बहुत पसंद आती है. कनिक कपूर एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं और इसकी वजह लाइफ कॉन्सर्ट में उनके साथ हुई बदसलूकी. दरअसल सिंगर के लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक शख्स ने ऐसी हरकत की है, जिसे देखकर किसी को भी गुस्सा आए जाए. सिंगर स्टेज पर परफॉर्म कर रही थीं तभी एक शख्स ने स्टेज पर उनके बदसलूकी की और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. आइए देखते हैं कि कनिका कपूर के वीडियो में क्या है.

### कनिका कपूर का वीडियो वायरल

कनिका कपूर का एक वीडियो सामने आया है, जिसको देखकर किसी का खून खौल जाए. दरअसल, कनिका कपूर मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान लाइव परफॉर्मेंस दे रही थीं और उनके तमाम चाहने वाले फैंस एंजॉय कर रहे थे. इस दौरान एक शख्स स्टेज पर चढ़ा और उनके साथ बदतमीजी करने लगा. तभी मौके पर मौजूद सिक्योरिटी ने उस शख्स को स्टेज से नीचे उतारा. इसके बाद भी कनिका कपूर ने बिना रुके अपनी परफॉर्मेंस जारी रखी. सिंगर वीडियो वायरल होते ही लोग इस पर रिएक्शन दे रहे हैं. कनिका कपूर के फैंस इस तरह की हरकत से नाराज नजर आ रहे हैं. वहीं, सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया और कहा है कि ये पहले से प्लानिंग में था.

### कनिका कपूर ने गाए कई बेहतरीन गाने

सिंगर कनिका कपूर के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 'बेबी डॉल', 'जुगनी जी', 'चिट्टियां कलाइयां', 'कमली', 'देसी लुक' जैसे चर्चित गानों को अपनी आवाज दी है. लखनऊ की रहने वाली कनिका कपूर ने साल 2012 में मुंबई का रास्ता पकड़ा लिया था.



## सब धुरंधरों की छुट्टी तय! 460 करोड़ी इस फिल्म का पार्ट 2 बना रहे आमिर खान


**साल** 2009 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 3 Idiots सुपरहिट रही और सालों बाद भी ये फिल्म लोगों के बीच इतनी ही पॉपुलर है. रिपोर्ट्स की मानें तो अब 16 सालों के बाद इस फिल्म का सीक्वल बनने वाला है, जिसकी स्क्रिप्ट भी फाइनल कर दी गई है. बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान अपने करियर में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दे चुके हैं. उनकी कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्हें लोग आज भी बार-बार देखना पसंद करते हैं. इन्हीं फिल्मों में शुमार है 3 इडियट्स. साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स ने बहुत पसंद किया था और इसे IMDb पर भी तगड़ी रेटिंग मिली. आमिर के फैंस आज भी इस फिल्म का जिक्र करते हैं. फिल्म के चाहने वालों के लिए खुशखबरी मिल गई है. राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी 3 इडियट्स में आमिर खान, आर माधवन, और शरमन जोशी ने सिनेमाघरों में जो धमाल मचाया था, अब दोबारा यह तीनों लोगों को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो राजकुमार हिरानी ने 3 इडियट्स के दूसरे पार्ट यानी 3 इडियट्स 2 की स्क्रिप्ट फाइनल कर ली है और फिल्म 2026 में फ्लोर पर आएगी.

# 'एक फरिश्ता ऐसा ही करता है'

रणवीर सिंह को लेकर सारा अर्जुन ने कहा-



**अभिनेत्री** सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। ऐसे में उन्होंने सोशल मीडिया पर अभिनेता के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एक शानदार पोस्ट लिखी है। सारा ने रणवीर की न सिर्फ उनके काम के लिए तारीफ की, बल्कि फिल्म के पूरे सफर में उनके सपोर्ट के लिए भी उनकी सराहना की। रणवीर की तारीफ करते हुए सारा ने लिखा 'कहते हैं कि एक सच्चा एक्टर लगभग सुपर ह्यूमन होता है। आप बिल्कुल वैसे ही हैं। जहां दुनिया आपकी काबिलियत देखती है, वहीं मुझे हर दिन आपकी दरियादिली देखने का मौका मिला। आपने ईमानदारी से लीड किया। आपके बारे में सबसे खूबसूरत बात यह है कि आप हर किसी के लिए वह इंसान बनने को तैयार रहते हैं, जो उनका साथ देता है। सबसे मुश्किल दिनों में भी रोशनी लाता है। एक फरिश्ता यही करता है। आप उन बहुत कम लोगों में से हैं जो दूसरों को खुश देखकर सच में खुश होते हैं। आपकी एक बात मैं हमेशा अपने करीब रखूंगी, वह यह है कि आप मेरे लिए हर वक्त मौजूद रहे। आपने ऐसा सपोर्ट दिया जो काम से कहीं ज्यादा था। हमेशा आपके लिए प्रार्थना करूंगी।



# 'धुरंधर' में रहमान डकैत बनकर छाए अक्षय खन्ना

**5 दिसंबर** को रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधर' की हर तरफ तारीफ हो रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन तो कर ही रही है, लेकिन साथ ही इसका हर किरदार फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहा है। इस मल्टीस्टारर फिल्म में सबसे ज्यादा चर्चा अक्षय खन्ना के रहमान डकैत के किरदार की हो रही है। अपने किरदार में जान डालने के लिए एक्टर ने एक्सप्रेशन से लेकर शानदार डायलॉग डिलीवरी की है। फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान भी अभिनेता की एक्टिंग देखकर हैरान हैं। फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान ने अक्षय खन्ना की एक्टिंग की तारीफ की है और उन्हें ऑस्कर से सम्मानित करने की बात कही है। फराह खान ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट की, जिसमें एक तरफ अक्षय खन्ना रहमान डकैत बने दिख रहे हैं और दूसरी तरफ अक्षय कुमार के साथ कॉमेडी करते दिख रहे हैं। यह सीन फिल्म 'तीस मार खान' का है। वीडियो को पोस्ट कर फराह खान ने लिखा, 'अक्षय खन्ना, आप सच में ऑस्कर डिजर्व करते हैं। सोशल मीडिया पर भी अक्षय खन्ना की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। उनके आंखों के एक्सप्रेशन बेचैनी पैदा करते हैं और हत्या के जिस सीन को उन्होंने किया है, उससे सिहरन पैदा होती है। अभिनेता ने किरदार में इतनी नेगेटिव ऊर्जा डाल दी कि मानो रहमान डकैत दहशत लेकर दोबारा पैदा हो गया हो। दर्शकों को उनका किरदार इसलिए भी पसंद आया क्योंकि उन्हें अभी तक कॉमेडी के हल्के-फुल्के अंदाज में फिल्मों में देखा गया था, लेकिन फिल्म 'धुरंधर' में उनका नया ही रूप देखने को मिला है। इसी वजह से सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ हो रही है। फिल्म में उनके किरदार को दमदार बनाने के लिए एक अरबी गाना भी फिल्माया गया, जिसमें वे आंखों में दहशत लिए मस्ती भरे अंदाज में डांस कर रहे हैं। इस गाने की तुलना एनिमल के 'जमाल कुडू' सॉन्ग से की जा रही है। इन दोनों ही गानों ने विलेन की एंट्री को धांसू बनाया है।

## बीसीसीआई की नाक के नीचे बड़ा घोटाला

# पैसा दो, टीम में घुसो, असली टैलेंट बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट दुनिया में सबसे ताकतवर कहलाता है, कड़ी प्रतिस्पर्धा, विशाल टैलेंट पूल, आईपीएल जैसी लीग और कठोर चयन प्रक्रिया इसकी पहचान है। खिलाड़ियों का भरोसा इसी बात पर टिका है कि सिस्टम निष्पक्ष है, लेकिन पुडुचेरी में यह पूरा उलट चुका है।

यहां पते बनाए जाते हैं। फर्जी पते पर खिलाड़ियों के आधार कार्ड बनते हैं। एक समानांतर चयन प्रक्रिया काम करती है और यह

### 1.2 लाख में बन रहे 'लोकल' खिलाड़ी!

सब कुछ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पांडिचेरी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की नाक के नीचे चल रहा है। द इंडियन एक्सप्रेस की तीन महीने की जांच में ऐसे कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में 2,000 से ज्यादा खिलाड़ियों के फार्म चेक किए गए, दर्जनों खिलाड़ियों से बात हुई और कई पतों की मौके पर जांच की गई। पता चला कि, 1.2 लाख रुपये लेकर खिलाड़ियों को 'स्थानीय खिलाड़ी' बनाया जाता है। कोच और निजी क्रिकेट अकादमियां खिलाड़ियों को फर्जी एड्रेस, बैकडेट से कॉलेज में दाखिला और नकली जॉब रिकॉर्ड उपलब्ध कराती हैं। बीसीसीआई का जरूरी एक साल का निवास प्रमाणपत्र कागजों में पूरा कर दिया जाता है। फिर इन खिलाड़ियों को सीएपी की टीमों में सीधा रास्ता मिल जाता है।

### 'फीस दो, लोकल बनो': ऐसे चलता है पूरा खेल

बाहरी राज्यों के क्रिकेटरों को बीसीसीआई की अनिवार्य एक साल की निवास आवश्यकता को दरकिनार करने और 'स्थानीय' बनने के लिए 1.2 लाख रुपए या उससे अधिक के 'पैकेज' का भुगतान करना पड़ता है। निजी क्रिकेट अकादमियों के कोच की मदद से निवास प्रमाण पत्र बेचे जा रहे हैं। इसमें फर्जी आधार कार्ड पते, पिछली तारीखों से शैक्षिक संस्थानों में दाखिले या नकली नौकरी रिकॉर्ड का इस्तेमाल किया जाता है। पैसे देने वाले खिलाड़ियों को पुडुचेरी क्रिकेट एसोसिएशनकी टीमों में तुरंत जगह मिल रही है, जिससे उन्हें रणजी ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट खेलने का मौका मिलता है।

# सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर - उज्जैन मेट्रो नहीं, तैयार हुई डीपीआर, लेकिन विशाल प्रोजेक्ट के कारण समय से पहले निर्माण असंभव-सिंहस्थ के बाद तेज़ी से शुरू होगा काम

**इंदौर।** इंदौर और उज्जैन को मेट्रो ट्रेन से जोड़ने का सपना अभी साकार होने में वक्त लगेगा। वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व में आने वाले लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सरकार की मंशा थी कि वे इंदौर से उज्जैन तक आधुनिक मेट्रो ट्रेन की सुविधा से यात्रा कर सकें, लेकिन विस्तृत सर्वे और तकनीकी विश्लेषण के बाद यह साफ हो गया है कि सिंहस्थ से पहले इस विशाल परियोजना का निर्माण कार्य पूरा करना संभव नहीं होगा। इंदौर - उज्जैन मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसमें पूरे मार्ग की तकनीकी जरूरतों, बजट, संरचना और भविष्य की क्षमता का विस्तार से उल्लेख है। अब इसी माह भोपाल में इस DPR का उच्चस्तरीय प्रेजेंटेशन रखा गया है, जिसके आधार पर राज्य स्तर पर मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद अंतिम मंजूरी केंद्र सरकार को भेजी जाएगी।

**12,000 करोड़ रुपये की भारी लागत और 45 किमी एलिवेटेड -अंडरग्राउंड रूट-**

कारपोरेशन द्वारा किए गए सर्वे में सामने आया कि इंदौर से उज्जैन तक 45 किलोमीटर लंबे मार्ग पर मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए लगभग 12,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पूरा मार्ग इंदौर से उज्जैन सीमा तक एलिवेटेड यानी ऊंचाई पर बनाया जाना प्रस्तावित है। जबकि



उज्जैन शहर के भीतर प्रवेश करते ही ट्रेन को अंडरग्राउंड किया जाएगा, ताकि महाकाल मंदिर क्षेत्र और शहर की ऐतिहासिक संरचना पर कोई असर न पड़े। सर्वे में यह भी पाया गया कि इतनी लंबी लाइन का निर्माण, पिलर निर्माण, स्टेशन डेवलपमेंट, अंडरग्राउंड सुरंगों की खुदाई और सिग्नल-सिस्टम सेटअप करने में कई वर्ष लगेंगे और वर्तमान समय सीमा को देखते हुए सिंहस्थ 2028 से पहले ट्रेन चलाना संभव नहीं है।

**सिंहस्थ में रिकॉर्ड भीड़ की संभावना-मेट्रो नहीं, लेकिन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की तैयारी तेज-** महाकाल लोक के भव्य विकास के बाद से उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। सरकार का अनुमान है कि सिंहस्थ 2028, अब तक के सभी सिंहस्थों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। यही कारण है कि प्रशासन तैयारियों पर विशेष ध्यान दे रहा है। हालांकि मेट्रो इस बार उपलब्ध नहीं होगी, लेकिन दूसरे विकल्प–नई सड़कें, विस्तारित पार्किंग, विशेष बस रूट, यात्री सहायता केंद्र आदि- को मजबूत किया जा रहा है।

**सिंहस्थ के बाद ही मेट्रो निर्माण शुरू करने का निर्णय-** उच्च स्तरीय समीक्षाओं के बाद यह निर्णय लिया गया है कि मेट्रो निर्माण को सिंहस्थ से पहले शुरू करने की कोशिश नहीं की जाएगी, ताकि उत्सव में कोई अवरोध न आए। सिंहस्थ समाप्त होते ही मेट्रो निर्माण तेज गति से शुरू किया जाए। DPR को मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रियाएँ शुरू कर दी जाएँ। निर्माण एजेंसियों का चयन सिंहस्थ के पहले ही कर लिया जाए, ताकि आयोजन खत्म होते ही काम में देरी न हो। सरकार का लक्ष्य है कि सिंहस्थ के बाद मेट्रो निर्माण यथाशीघ्र शुरू किया जाए और भविष्य में इंदौरङ्कउज्जैन का सफर यात्रियों के लिए और अधिक तेज़, सुरक्षित और आरामदायक बनाया जा सके।

## एमपी में ठंड के तीखे तेवर - इंदौर में टूटा 10 साल का रिकॉर्ड

**इंदौर।** मध्य प्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड की चपेट में है, जहां बर्फीली हवाओं ने प्रदेश के अधिकांश इलाकों में जनजीवन को ठिठुरा दिया है। रात का तापमान कई शहरों में सामान्य से काफी नीचे पहुंच गया है और कई जिलों में हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी करने की तैयारी कर ली है। सर्द हवाओं के इस तीखे थपेड़े ने प्रदेश के हर कोने में सर्दी की उपस्थिति को बेहद कठोर तरीके से महसूस कराया है। इंदौर में ठंड ने पिछले दस वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शहर में रात का न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जिसने यहां की ठंड को इस वर्ष विशेष तौर पर तीव्र बना दिया है। सबसे अधिक ठंड की मार शहडोल जिले के कल्याणपुर इलाके ने झेली, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 4.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह प्रदेश का सबसे कम तापमान रहा, जिसने इस क्षेत्र को सीजन के सबसे शीतल इलाकों में शामिल कर दिया है। पचमढ़ी में तापमान 5.2 डिग्री और उमरिया में 5.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस समय मध्य भारत के लिए बेहद ठंडे माने जाते हैं। उज्जैन में भी मौसम ने करवट बदली और इस सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। वहीं भोपाल में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री तक नीचे आया, जिससे शहर भर में सुबह-सुबह गहरी ठिठुरन महसूस की गई। जबलपुर में पारा 8.3 डिग्री और ग्वालियर में 8.9 डिग्री तक गिर गया, जो उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के असर को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। मौसम विभाग के मुताबिक, आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों–भोपाल, इंदौर, जबलपुर, विदिशा, सीहोर, सिवनी, शहडोल, शाजापुर और राजगढ़–में शीतलहर का प्रभाव बना रहेगा।

इसके साथ ही नरसिंहपुर में कोल्ड डे की आशंका जताई गई है, जिसका मतलब है कि दिन के समय भी तापमान सामान्य से काफी नीचे रहेगा और ठंड का असर और अधिक कठोर हो सकता है। इन हालातों के चलते प्रदेश के लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। सुबह और देर शाम घर से बाहर निकलते समय गर्म कपड़ों का उपयोग जरूरी है, क्योंकि तापमान में लगातार गिरावट से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो हवाओं का रुख अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बना रह सकता है, जिससे प्रदेश में ठंड की तीव्रता और अधिक महसूस की जाएगी।

## सीएसआर के तहत इंदौर नगर निगम को मिली बड़ी सौगात

### ● अवंतिका गैस लिमिटेड ने दिए 6 नए CNG गारबेज टीपर, महापौर ने किया लोकार्पण, स्वच्छता मॉडल के लिए बैकलेन में हुआ पोहा पार्टी आयोजन

**इंदौर।** स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत आधार देने की दिशा में सोमवार का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। नगर निगम को अवंतिका गैस लिमिटेड की ओर से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत छह नवीनतम तकनीक से लैस सीएनजी गारबेज टीपर वाहन प्राप्त हुए। इन वाहनों का लोकार्पण निगम मुख्यालय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया, जहाँ अवंतिका गैस के




वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। पीआरओ सुमित सिंह ने बताया कि इन छह वाहनों पर कुल 57 लाख रुपये की लागत आई है और यह संपूर्ण राशि अवंतिका गैस द्वारा सीएसआर के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है। अवंतिका गैस फिलहाल इंदौर, पीथमपुर, उज्जैन और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों में घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए पीएनजी की आपूर्ति करती है, साथ ही वाहनों के लिए सीएनजी वितरण का महत्वपूर्ण कार्य भी कर रही है।

लोकार्पण समारोह के दौरान महापौर भार्गव ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक, स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सीएनजी संचालित गारबेज टीपर न केवल ईंधन की बचत करेंगे, बल्कि प्रदूषण को कम करने और परिचालन लागत घटाने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने निगम की भविष्य की साफ-सफाई योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जिनमें अत्याधुनिक और पर्यावरण हितैषी तकनीक को बढ़ावा देना शामिल है। अपर आयुक्त मनोज पाठक ने अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा दी गई इस उपयोगी सौगात के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी पहलें इंदौर को स्वच्छता के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाती हैं। इधर शहर में बैकलेन को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के अभियान को भी लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 5 की बैकलेन में महापौर की उपस्थिति में स्थानीय नागरिकों द्वारा पोहा पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक सामाजिक मिलन नहीं था, बल्कि बैकलेन को स्वच्छता मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने का एक अभिनव प्रयास भी रहा। कार्यक्रम में महापौर

## अपोलो हाईस्ट्रीट मॉल के पब - क्लबों के खिलाफ रहवासियों की शिकायत, कलेक्टर शिवम वर्मा ने जांच व कार्रवाई का दिया आश्वासन

**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आज जनसुनवाई के दौरान अपोलो हाईस्ट्रीट मॉल के आसपास के रेवासियों ने पब और क्लबों के संचालन को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराई। रेवासियों का आरोप है कि इन संस्थानों द्वारा शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा, जिसके कारण क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण, नशे से जुड़ी गतिविधियाँ और असामाजिक व्यवहार बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि रात 10 बजे के बाद से आधी रात तक अत्यधिक तेज आवाज में म्यूजिक बजाया जाता है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और विद्यार्थियों की नींद तथा पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पबों के बाहर देर रात तक नशे, हुड़दंग और अनैतिक गतिविधियों का माहौल बना रहता है, जिससे महिलाओं और परिवारों में असुरक्षा और डर का वातावरण है। कलेक्टर वर्मा ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए रेवासियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मीडिया से चर्चा में कलेक्टर वर्मा ने कहा कि देर रात तक तेज आवाज में संगीत बजाए जाने की शिकायतें उन्हें प्राप्त हुई हैं और यदि ऐसा पाया गया, तो पक्के तौर पर कार्रवाई की जाएगी। रहवासियों की शिकायत के बाद प्रशासन की आगामी कार्यवाही पर अब क्षेत्रवासियों की नजरें टिकी हुई हैं।

## इंदौर में 18 पुलिसकर्मी सम्मानित, बेहतर पुलिसिंग के लिए साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम जारी



**इंदौर।** आम नागरिकों को बेहतर पुलिसिंग प्रदान करने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू किए गए साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के तहत आज 09 दिसंबर 2025 को पलासिया स्थित कार्यालय में 18 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अप./मुख्यालय) आर.के. सिंह, पुलिस उपायुक्त (ज़ोन-04/ट्रैफिक) आनंद कलादगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे और सम्मानित पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान थाना लसुडिया के प्रआर अजय प्रजापति, प्रनीत भदौरिया, रविंद्र सिंह कुशवाह, नीरज रघुवंशी, आर. आनंद जाट और आर. हेमराज सिलोटे को दो नकबजनी के प्रकरणों तथा आईसीआईसीआई बैंक में चोरी के प्रयास का खुलासा कर लगभग 71 लाख रुपये का मशरूका जप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार थाना राजेंद्र नगर के कार्य.प्रआर शशांक दुबे, आर. गौरव गुर्जर, आर. पंकज चौहान और आर. रामवीर गुर्जर को चैन स्नेचिंग के प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी और मशरूका बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर पुरस्कार प्रदान किया गया। थाना हीरानगर के आर. अनिल जायसवाल को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 8 किलो गांजा जप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं थाना बाणगंगा के कार्य.प्रआर ओमप्रकाश जायसवाल को 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत पाँच प्रकरणों में अपहृताओं को दस्तयाब करने में सफल भूमिका के लिए पुरस्कृत किया गया।

## प्रतिबंधित पतंग धागे के 59 रोल (लगभग 29500/- रू कीमती) जब्त कर प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, डीसीपी ज़ोन-01 कृष्ण लालचंदानी और एसीपी मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना मल्हारगंज पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित पतंग धागे के 59 रोल (कीमती लगभग 29,500 रुपये) जब्त किए हैं। थाना प्रभारी वेदेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा पतंग दुकानों पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रामबली नगर में एक युवक चाइनीज मांझा बेच रहा है। सूचना पर तुरंत टीम भेजी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में खड़ा पाया, जो प्रतिबंधित मांझा बेचने की फिराक में था। पूछताछ पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके घर में गुलाबी रंग की प्लास्टिक की बोरी में एक कार्टन रखा है। जब पुलिस टीम ने उसकी जांच की तो उसमें चाइनीज मांझे के 59 रोल (बंडल) बरामद हुए। युवक की पहचान महेंद्र प्रजापत (20 वर्ष), निवासी रामबली नगर, इंदौर के रूप में हुई। आरोपी को थाना मल्हारगंज लाया गया और उसके खिलाफ कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर अपराध क्रमांक 331/2025, धारा 223(ए), 125 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 10.5 करोड़ का गांजा पकड़ा, बैंकॉक से आया शातिर तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ल, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने ऐसा तगड़ा वार किया कि ड्रग तस्करों की नींद उड़ गई। बैंकॉक से आया एक यात्री 13 किलो से ज्यादा गांजा लेकर उतरा था, जिसकी कीमत पूरे 10.5 करोड़ रुपये थी। लेकिन कस्टम वालों की पैनी नजर के आगे उसकी सारी चालाकी फेल हो गई। कस्टम अधिकारियों को हुआ शक



शनिवार तड़के एयर इंडिया की फ्लाइट॰ढ्व-2303 से उतरा यह शख्स जैसे ही कस्टम काउंटर पर पहुंचा, उसकी हरकतें कुछ ठीक नहीं लगीं। आंखें झुकाए, स्क्रीनिंग से बचने की कोशिश, घबराहट साफ दिख रही थी। बस, फिर क्या था कस्टम अधिकारियों ने उसे अलग लिया और सामान की तलाशी शुरू कर दी।

तलाशी लेते ही अफसर हैरान रह गए। यात्री के बैग में 13 अजीबोगरीब पाउच मिले, एक तरफ काले, दूसरी तरफ पारदर्शी। अंदर भरा हुआ था शुद्ध गांजा। गांजा का कुल वजन 13 किलो 128 ग्राम था। लैब टेस्ट में कन्फर्म हो गया कि ये कोई मामूली माल नहीं, हाई क्वालिटी वाला गांजा था, जिसकी कीमत करीब 10.5 करोड़ रुपये आंकी गई। मौके पर ही यात्री को एनडीपीएस एक्ट की धारा 43(बी) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। पूरा माल और पैकिंग सामग्री भी जब्त कर ली गई। अब पूछताछ में ये पता लगाने की कोशिश हो रही है कि ये शख्स अकेला खेल रहा था या इसके पीछे कोई बड़ा इंटरनेशनल ड्रग कार्टेल है।

# 14 दिन बाद सुलझी गुत्थी, दिल्ली हिट एंड रन मामले का आरोपी पकड़ाया

**नई दिल्ल, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने आरके पुरम में हुए हिट एंड रन मामले को सुलझा लिया है। पुलिस को इसे सुलझाने के लिए 14 दिन लगे,जिसमें पांच महिलाएं घायल हो गई थीं। इनमें से दो को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के वक्त इस्तेमाल वाहन सुजुकी ग्रैंड विटारा को ओखला, दिल्ली में एक सर्विस सेंटर से जब्त किया गया है। इस हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कार को रिम पर ही 10 किलोमीटर से अधिक दूरी तक चलाया था।

दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया जिसके बाद इस केस से जुड़ी सारी जांच पूरी हो गई। गिरफ्तार आरोपी चाणक्य सांखला (उम्र 30 वर्ष, निवासी साकेत, दिल्ली) की निशानदेही पर इस्तेमाल की गई मारुति ग्रैंड विटारा कार को भी ओखला स्थित एक सर्विस सेंटर से जब्त कर लिया गया है, जहां उसे क्षतिग्रस्त हालत में छोड़ दिया गया था।

घटना 23 नवबंर को लगभग 04:52 बजे की बताईग है। होटल हयात रीजेंसी, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली के सामने हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इमरजेंसी ऑफिसर/एसआई कैलाश बीट स्टाफ के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और वहां एक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त मारुति ईको कार मिली। पीसीआर वैन की ओरसे घायलों को सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली ले जाया गया। मारुति ईको कार के ड्राइवर, वी.के. मेहता (निवासी राजा विहार, समयपुर बादली, रोहिणी, दिल्ली) के बयान पर, थाना आर.के. पुरम, दिल्ली में एफआईआर संख्या 405/25 धारा 281 और 125 बीएनएस के तहत एक मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

# आज भी जहरीली हवा

## 18 इलाकों में एक्यूआई बहुत खराब



**नई दिल्ल, एजेंसी।**
दिल्ली की हवा में कल हल्का सुधार दर्ज किया गया। बुधवार सुबह 9 बजे राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 291 रहा। यह हालांकि खराब श्रेणी में है, लेकिन सोमवार के 318 एक्यूआई से थोड़ा बेहतर है। यानी शहर की हवा एक दिन पहले की तुलना में कुछ बेहतर हुई है, लेकिन हालत अभी भी चिंताजनक बने हुए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली के कुल 38 मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 18 पर एक्यूआई बहुत खराब (300 एक्यूआई से अधिक) जबकि 20 स्टेशनों पर खराब (200 से 300 एक्यूआई के बीच) रिकॉर्ड किया गया। इसका मतलब है कि राजधानी के बड़े हिस्से में हवा सांस लेने लायक नहीं है और संवेदनशील लोगों के लिए जोखिम और बढ़ गया है। दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में मंगलवार सुबह हवा की गुणवत्ता बिगड़ी हुई दिखी। इंडिया गेटङ्ककर्तव्य पथ पर एक्यूआई 265, आइटीओ में 294, अलीपुर में 282, आया नगर में 253 और बुराड़ी में 291 दर्ज किया गया। ये इलाके आज सुबह मानक के अनुसार खराब श्रेणी में दर्ज किए गए।

वहीं दिल्ली के कई इलाकों में स्थिति और ज्यादा बिगड़ी रही, जहां एक्यूआई लगातार बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। अक्षरधाम, गाजीपुर और आनंद विहार में एक्यूआई 319, चांदनी चौक में 333, बवाना में 342, जबकि द्वारका में 314 और अशोक विहार में 305 रिकॉर्ड किया गया।

मौसम की बात करें तो दिल्ली में मंगलवार का न्यूनतम तापमान 9.2एष्ट दर्ज हुआ, जो सामान्य से 0.4 डिग्री कम है। सुबह ह्यूमिडिटी 100 प्रतिशत पहुंचा, जिसके कारण कुछ इलाकों में हल्का कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने दिन भर के लिए कोहरे की संभावना जताई है।

# गोवा जैसे हादसे का इंतजार!

## सिर्फ 90 होटलों के पास है फायर सेफ्टी एनओसी

**नई दिल्ल, एजेंसी।**
गोवा के अपरोरा नाइट क्लब में जो हुआ, वो सबने देखा। 25 निर्दोष जिंदगियां एक झटके में तबाह हो गई। हादसे मं मरने वाला किसी का भाई, किसी का पति, किसी का पिता रहा होगा, उस एक दर्द की दवा शायद ही कहीं मिले। इससे उलट देश की राजधानी दिल्ली में भी जो होटल संचालित हो रहे हैं, वहां भी लापरवाही की इंतेहा है। पता चला है कि दिल्ली में कहने को 1000 होटल हैं, लेकिन उनमें से सिर्फ 90 के पास फायर सेफ्टी एनओसी है। इन 90 में 52 होटल हैं तो वहीं 38 क्लब हैं। फायर विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सैकड़ों प्रतिष्ठान अनिवार्य सुरक्षा जांचों के बिना ही चल रहे हैं।

हमारे सहयोगी हिंदुस्तान टाइम्स को मिले आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में लगभग 1,000 लाइसेंस प्राप्त हॉस्पिटैलिटी प्रतिष्ठान हैं। हालांकि, दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों से बार-बार पूछने के बावजूद, दिसंबर 2025 तक राजधानी में होटलों और क्लबों की मौजूदा कुल संख्या का पता नहीं लगाया जा सका।

गोवा के अपरोरपा स्थित एक नाइट क्लब में लगी आग, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई, के मद्देनजर, अग्निशमन सुरक्षा विशेषज्ञों ने सोमवार को दिल्ली के फायर एनओसी नियमों में एक गंभीर खामी उजागर की है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक बार जब अग्निशमन विभाग एनओसी जारी कर देता है, जो तीन साल के लिए वैध होती है, तो उसके बाद के उल्लंघनों की अक्सर जांच नहीं होती क्योंकि एजेंसियों को अंतरिम (बीच-बीच में) निरीक्षण करने का अधिकार नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के पूर्व प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि विस्तृत निरीक्षण के बाद ही एनओसी दी जाती है, लेकिन रेस्तरां, कैफे, क्लब और होटल अक्सर इसके बाद बदलाव कर लेते हैं जिनकी जांच सालों तक नहीं होती। उन्होंने कहा, अग्निशमन



विभाग या एनओसी जारी करने वाले अन्य विभागों को तब तक परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार नहीं है, जब तक कि कोई घटना या शिकायत न हो जाए। इसलिए, उल्लंघन अक्सर बिना जांच के रह जाते हैं।

अतुल गर्ग ने बताया कि दिल्ली में 90 वर्ग मीटर से कम जगह में चल रहे रेस्तरां को व्यवसाय चलाने के लिए फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है। गर्ग ने आगे नियम समझाते हुए कहा कि 90 वर्ग मीटर से अधिक और 270 वर्ग मीटर से कम जगह में चल रहे प्रतिष्ठानों में दो सीढ़ियां होनी चाहिए, जिनमें से प्रत्येक 1.5 मीटर चौड़ी हो। 270 वर्ग मीटर से अधिक जगह में चल रहे प्रतिष्ठानों में कम से कम एक सीढ़ी 2 मीटर से कम चौड़ी नहीं होनी चाहिए, जबकि दूसरी सीढ़ी 1.5 मीटर से कम चौड़ी नहीं होनी चाहिए। गर्ग ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जहाँ रेस्तरां संचालकों ने बेहतर सजावट और अधिक बैठने की क्षमता के लिए अपने परिसर में बदलाव किए हैं, जिससे सुरक्षा उपायों से समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसियों द्वारा नियमित जाँच के अभाव में इस तरह के उल्लंघन आमतौर पर अनदेखे रह जाते हैं। पूर्व अग्निशमन निदेशक (पूर्व फायर डायरेक्टर) ने जोर देकर कहा कि सरकार को एक ऐसे सिस्टम को बनाने की जरूरत है जिसके माध्यम से रेस्तरां या नाइट क्लब संचालकों द्वारा नियमों के उल्लंघन की जांच नियमित रूप से, या तो अचानक छापे या समय-समय पर निरीक्षण के माध्यम से की जा सके। गर्ग ने आगे सुझाव दिया, एक स्वतंत्र एजेंसी हो सकती है जो नियमित रूप से ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का दौरा करे और जांच करे कि सभी नियमों और विनियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति एआई पर जारी करेंगे 'वन रूल' वाला ऑर्डर

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राज्य अलग-अलग कानून बनाकर टेक कंपनियों के सामने मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा कर दी है कि इस सप्ताह वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए एक ही नियम वाला एक महत्वपूर्ण कार्यकारी आदेश जारी करने जा रहे हैं। ट्रंप ने सोमवार को खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मैं इस हफ्ते एआई के लिए एक नियम वाला कार्यकारी आदेश जारी करूंगा। अपनी पोस्ट में आगे उन्होंने कहा कि इस समय हम दुनिया के सभी देशों से काफी आगे हैं, लेकिन अगर हमारे 50 राज्य, जिनमें से कई में बहुत बुरे लोग बैठे हैं, अलग-अलग नियम बनाने और मंजूरी देने में लगे रहे,



तो यह बढ़त ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि एआई अपनी शुरुआती अवस्था में ही नष्ट हो जाएगा।

बताया जा रहा है कि यह कदम ट्रंप का एआई नीति पर अपनी मजबूत छाप छोड़ने का ताजा प्रयास है। उनका स्पष्ट मानना है कि 50 अलग-अलग राज्य स्तर के नियमों का जाल अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुपालन को असंभव बना देगा और नवाचार को मार डालेगा। तकनीकी उद्योग के बड़े नेता लंबे समय से राज्य-दर-राज्य विनियमन के खिलाफ बोलते रहे हैं। इस लिहाज से यह आदेश उनके लिए बड़ी जीत होगी।

बता दें कि ट्रंप और टेक दिग्गजों ने बार-बार चेतावनी दी है कि अलग-अलग राज्य कानून नवाचार रोक देंगे और अनुपालन को बेहद जटिल बना देंगे। हालांकि, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और अर्कांसस की गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स सहित कई रिपब्लिकन गवर्नरों ने इस कदम की आलोचना की है। वे इसे राज्यों के अधिकारों पर हमला मानते हैं। माना जा रहा है कि किसी भी ऐसे कार्यकारी आदेश को तुरंत कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।वहीं, वाइट हाउस की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निदेशक केविन हैसेट ने सोमवार को सीएनबीसी को बताया कि उन्होंने इस आदेश का मसौदा देख लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य इन कंपनियों को अपने कंट्रोल में रखना चाहते हैं। आने वाला कार्यकारी आदेश यह साफ कर देगा कि अमेरिका में अमेरिकी कंपनियों के लिए सिर्फ एक ही नियम होगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने देखे गए संभावित आदेश के मसौदे में न्याय विभाग को उन राज्यों के खिलाफ मुकदमा करने की शक्ति दी जाएगी जिनके एआई कानून संघीय सरकार असंवैधानिक मानती है। साथ ही, जिन राज्यों के नियम बहुत सख्त या बोझिल होंगे, उन्हें संघीय फंडिंग में कटौती भी की जा सकेगी।

# साउथ कोरिया के केएडीआईजेड में घुसे रूसी-चीनी सैन्य विमान



**सियोल, एजेंसी।**
दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को एक बार फिर अपने वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में सात रूसी और दो चीनी सैन्य विमानों की घुसपैठ का पता लगाया। इसके जवाब में सियोल ने तुरंत दर्जनों लड़ाकू विमान रवाना किए। यह घटना ऐसे समय हुई है जब रूस-चीन की सैन्य नजदीकियां लगातार बढ़ रही हैं और दोनों देश उत्तर पूर्व एशिया में बिना पूर्व सूचना के संयुक्त हवाई गश्त कर रहे हैं। सियोल के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बयान जारी कर कहा कि ये रूसी और चीनी विमान स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे कोरिया एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में दाखिल हुए। हालांकि किसी भी विमान ने दक्षिण कोरियाई हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं किया। सियोल ने कहा कि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए सामरिक उपाय करते हुए उसने लड़ाकू विमान भेजे। न्यूज एजेंसी योनहाप के अनुसार, ये विदेशी विमान लगभग एक घंटे तक केएडीआईजेड के अंदर-बाहर उड़ते रहे। इन विमानों को वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने से काफी पहले ही पता लगा लिया गया था। केएडीआईजेड एक विस्तृत क्षेत्र होता है जिसमें देश सुरक्षा कारणों से आने-जाने वाले विमानों पर नजर रखते हैं, लेकिन यह उनका क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र नहीं होता। 2019 से चीन और रूस संयुक्त सैन्य अभ्यास का हवाला देते हुए बिना पूर्व सूचना के दक्षिण कोरिया के वायु रक्षा क्षेत्र में नियमित रूप से अपने सैन्य विमान भेजते रहे हैं।

# मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई की ड्रग तस्करी में गिरफ्तारी से उबल रही प्रदेश की राजनीति

## युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के उग्र प्रदर्शन, 50 से अधिक कार्यकर्ता गिरफ्तार





**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नशा तस्करी से जुड़ी एक बड़ी गिरफ्तारी ने राजनीतिक हलचल को चरम पर पहुँचा दिया है। प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के सगे भाई अनिल बागरी को भारी मात्रा में गांजा ले जाते हुए पकड़े जाने के बाद मामला तेजी से राजनीतिक संघर्ष में बदल गया है। विपक्षी संगठन युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि नशे का नेटवर्क सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहा है तथा सरकार पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रही है।

**युवा कांग्रेस का मंत्री बंगले पर घेराव-** गिरफ्तारी के बाद सबसे पहले विरोध की कमान संभाली भोपाल शहर युवा कांग्रेस ने। अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंत्री प्रतिमा बागरी के 74 बंगले का घेराव किया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अमित खत्री ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होना दर्शाता है कि आरोपी लंबे समय से तस्करी में सक्रिय था। उनका आरोप था कि मंत्री होने के नाते प्रतिमा बागरी अपने भाई को संरक्षण दे रही हैं और प्रदेश सरकार मामले पर पर्दा डाल रही है। युवा कांग्रेस ने मंत्री को पद से बर्खास्त करने तथा पूरे प्रकरण की एसआईटी जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में झूमा-झटकी भी हुई।

**पीसी शर्मा का सरकार पर तीखा प्रहार-** इस मुद्दे पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व कानून मंत्री पी.सी. शर्मा भी सामने आए। उन्होंने कहा कि पहले भी एक अन्य मंत्री के रिश्तेदार पर नशा तस्करी के आरोप लगे थे और अब यह घटना सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर गंभीर सवाल खड़े करती है। शर्मा ने प्रतिमा बागरी से तत्काल इस्तीफे की मांग की और मुख्यमंत्री से पूछा कि जब मंत्री का भाई ही नशा तस्करी में पकड़ा जाए तो सरकार की विश्वसनीयता कैसे बची रह सकती है। उन्होंने खजुराहो में हो रही कैबिनेट बैठक पर भी कटाक्ष किया और कहा कि कर्ज़ के बोझ से दबे प्रदेश में मंत्रियों का करोड़ों रुपये खर्च कर पर्यटन शैली में बैठकें करना जनता के साथ मज़ाक है।

**एनएसयूआई ने 'गांजे की माला' लेकर किया प्रदर्शन, 50 कार्यकर्ता गिरफ्तार-** मामले ने तब और तूल पकड़ा जब एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च करते हुए उग्र विरोध दर्ज किया। एनएसयूआई का कहना है कि प्रतिमा बागरी के भाई के पास लगभग 50 किलो गांजा मिलने के बावजूद सरकार चुप है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश में नशे का रैकेट सरकारी संरक्षण में चल रहा है। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि वे प्रतीकात्मक रूप से गांजे की माला लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने जा रहे थे, ताकि उनसे पूछ सकें कि जब मंत्रियों के घरों से ही नशे का नेटवर्क चल रहा हो, तो क्या मुख्यमंत्री कार्रवाई करेंगे? क्या वे मंत्री बागरी के घर पर भी जेसीबी भेजेंगे? चौकसे ने आरोप लगाया कि सरकार उड़ते पंजाब की तर्ज पर प्रदेश को उड़ता मध्यप्रदेश बनने दे रही है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित करीब 50 एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री प्रतिमा बागरी इस्तीफा नहीं देतीं और ड्रग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई नहीं होती, तो आंदोलन राज्यभर में तीव्र किया जाएगा।

**राजनीतिक संकट गहराया, सरकार की चुप्पी पर सवाल-** इन सभी घटनाओं के बाद पूरे प्रदेश में बहस तेज हो गई है। एक ओर विपक्ष मंत्री के हटाए जाने और एसआईटी जांच पर अड़ा है, वहीं दूसरी ओर सरकार की चुप्पी और कार्रवाई की प्रतीक्षा में जनता की नजरें टिकी हुई हैं। नशा तस्करी जैसे संवेदनशील मामले में मंत्री के परिजन का नाम सामने आने से प्रदेश की राजनीति में बड़ा तूफान खड़ा हो गया है, और आने वाले दिनों में विवाद और गहराने के आसार हैं।

# दरगाह परिसर से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई पक्के निर्माण ढहाए और मदरसा खाली करवाया




**खंडवा।** जिले के सीहाडा गांव में मंगलवार को जिला प्रशासन ने एक विस्तृत और निर्णायक कार्रवाई करते हुए दरगाह के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाया। यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही शिकायतों और विवादों के बाद उस समय अंजाम दी गई, जब ग्राम पंचायत द्वारा जिला प्रशासन को आधिकारिक रूप से आवेदन देकर यह स्पष्ट किया गया कि दरगाह के पास की जमीन पर अनधिकृत निर्माण और उपयोग हो रहा है। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने दो बुलडोजरों की मदद से दरगाह के आसपास बने दो पक्के निर्माणों को ढहा दिया। इन निर्माणों में दीवारें, कमरे जैसी संरचनाएँ और तार फेंसिंग शामिल थी, जो पिछले कुछ समय से विवाद का कारण बनी हुई थीं। इसके अलावा दरगाह के बिल्कुल नजदीक बने चबूतरे को भी गिराया गया, जिसे ग्राम पंचायत ने पूर्णतः अवैध बताया था। इसी कार्रवाई के तहत परिसर में स्थित वह सामुदायिक भवन भी खाली कराया गया, जो सांसद निधि से वर्षों पहले बनवाया गया था और जिसे गांव के सामाजिक आयोजनों, बैठकें और सामुदायिक गतिविधियों के लिए आवंटित किया गया था। लेकिन बीते कुछ समय से इस भवन में अवैध रूप से एक मदरसा संचालित किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन ने इसे तत्काल प्रभाव से खाली करवाकर पुनः ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दिया। इस पूरी कार्रवाई की पृष्ठभूमि लगभग छह महीने पहले शुरू हुई थी, जब ग्राम पंचायत ने अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए जिला प्रशासन में आवेदन जमा किया था। इसके जवाब में स्थानीय पीर मौजा वक्फ कमेटी ने भोपाल स्थित राज्य वक्फ अधिकरण में दावा पेश किया था कि सीहाडा गांव में स्थित दरगाह, इमामबाड़ा और ईदगाह वक्फ की संपत्तियाँ हैं, और इस तर्क के आधार पर उन्होंने पूरे गांव के रकबे को वक्फ संपत्ति बताने का प्रयास किया। हालांकि बाद में वक्फ समिति के कई स्थानीय सदस्यों ने स्पष्ट किया कि उनके दावे का उद्देश्य पूरे गांव पर अधिकार जताना नहीं है, बल्कि वे केवल तीन धार्मिक स्थलों तक ही अपना दावा सीमित रखते हैं। इस स्पष्टीकरण के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और विवादित तथा गैरकानूनी निर्माणों को हटाकर जमीन को मुक्त कराया। सीहाडा गांव में प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई लंबे समय से चले आ रहे विवादों और शिकायतों का परिणाम है, जिसके बाद अब दरगाह परिसर के आसपास की भूमि पुनः साफ-सुथरी, विवादमुक्त और ग्राम पंचायत के नियंत्रण में दिखाई देती है।

# उमंग सिंघार ने सरकार पर साधा निशाना

## कहा-महंगाई, बेरोजगारी और किसान पर एक शब्द नहीं



**भोपाल।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सिंघार ने कहा कि राष्ट्रगीत का सम्मान सभी करते हैं, लेकिन जब संसद का मंच देश की समस्याओं पर चर्चा के लिए होता है, तब जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चुप्पी और केवल इतिहास की बहस पर समय खर्च करना समझ से परे है। उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की हालत जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से लगातार बच रही है। उनका कहना था कि जब युवा रोजगार के इंतजार में भटक रहे हैं, किसान फसल के दाम न मिलने से परेशान हैं, महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ रही है, तब इन मुद्दों पर संसद में एक शब्द भी न कहना सरकार की प्राथमिकताओं पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि ÷हम सब वंदे मातरम का सम्मान करते हैं। लेकिन लोकसभा में घंटों बहस सिर्फ इसी पर और देश की असली समस्याओं पर एक भी शब्द नहीं! आखिर बीजेपी सरकार किस बात से डर रही है? इतिहास की आड़ लेकर जनता का ध्यान भटकाना कब तक चलेगा? युवा, किसान और आम लोग जवाब मांग रहे हैं।

सिंघार ने यह भी कहा कि सरकार को इतिहास पर विवाद पैदा करने से पहले वर्तमान की चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। किसानों के सामने फसल के उचित दाम न मिलने, खाद की किल्लत, कर्ज और आत्महत्या जैसे मुद्दे हैं। दूसरी तरफ युवा रोजगार और व्यवसाय के अवसरों की कमी से जूझ रहे हैं। महंगाई लगातार बढ़ रही है और छोटे उद्योग-व्यवसाय बंद होने की कगार पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में संसद में इन समस्याओं पर चर्चा न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरतलब है कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र के आठवें दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने नेहरू, जिन्ना सहित कई ऐतिहासिक हस्तियों का जिक्र किया। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि सरकार की यह चर्चा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश थी। उमंग सिंघार का यह बयान संकेत देता है कि आने वाले दिनों में इस विषय को लेकर राजनीतिक टकराव और तेज हो सकता है, क्योंकि विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बनाकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।